## संक्षिप्त

### हरिनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**तारानगर,** (निसं)। क्षेत्र के गाँव लुणास में सोमवार को हरिनाथ महाराज की 8 वीं पुण्यतिथि मनाई तथा यज्ञ का आयोजन किया गया। तारानगर क्षेत्र के प्रसिद्ध साहित्याचार्य पंडित गोपाल शास्त्री के आचार्यत्व में पंडित सीताराम दाधीच व पंडित अंकित भारद्वाज ने मन्त्रोंचारण के साथ पूजन एवं यज्ञ करवाया। इससे पूर्व रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन किया। पुजारी रामनिवास, मुलाराम, राकेश पुजारी, हीरालाल, अध्यापक दौलतराम, पूरखाराम, चुन्नीराम, नोरतमल शर्मा, गिरधारीलाल, करणीदान चारण, प्रेमाराम, मोहरसिंह, मोहनलाल, हूणताराम, अध्यापक विजयकुमार, गजानन्द बागोरिया आदि ने यज्ञ में भाग लिया। इस मौके पर योगीआसन के महंत गंगानाथ, सुजानगढ आश्रम से भैरवनाथ, तारानगर आश्रम से योगेशनाथ, भामरा से प्रेमनाथ आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अद्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र बांटे

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला समान परीक्षा के द्वारा आठ दिसंबर से शुरू होने वाली अद्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों का सोमवार को शहर के परमवीर पीरूसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से वितरण किया गया। एडीईओ सैकंडरी उम्मेद सिंह महला ने बताया कि सोमवार को प्रथम पारी में सूरजगढ, पिलानी, चिडावा तथा द्वितीय पारी में उदयपुरवाटी और नवलगढ ब्लॉक को प्रश्न पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि प्रश्न वितरण के लिए समस्त राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान को स्वयं के परिचय पत्र के साथ उपस्थित होना आवश्यक है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी महला ने बताया कि मंगलवार को प्रथम पारी में खेतडी, बुहाना, सिंघाना और द्वितीय पारी में अलसीसर, झुंझुनूं और मंडावा ब्लॉक को प्रश्न पत्र वितरित किए जाएंगे।

### खिलाड़ियों को रवाना किया

**बिसाऊ,** (निसं)। पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संस्था निदेषक डॉ प्रताप सिंह ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर एथलेटिक्स खिलाडियों को रवाना किया। एथलेटिक्स टीम के सदस्य प्रदुमन सिंह, शुभम वर्मा, राहुल कुमार, रुपेंद्र सिंह, अकरम खान, नवीन कुमार, शिवम शेखावत, सचिन कुमार, पंकज मीणा, वैभव, आर्यन आदि को डॉ सिंहाग ने शुभकामनाये देते हुए रवाना किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र शर्मा ने भी को शुभकामनाएं दी।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय मोचीवाड़ा में एकादशी के पर्व पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुए सुंदरकांड पाठ में मुख्य यजमान लीलाधर जांगिड़ ने सपत्नीक बालाजी महाराज की जोत ली।

# हवाई फायर कर दशहत फैलाने का आरोपी गिरफ्तार

**खेतडी,** (निसं)। क्षेत्र के सुनारी बगडिया की ढाणी में जान से मारने की धमकी देने व हवाई फायर कर इलाके में दहशत फैलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा जिले में आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर शिकंजा कसने के लिए जिले में प्रत्येक थाने में अलग-अलग टीमें बनाकर कार्यवाई करने के दिशा निर्देश दे रखे है। साथ ही जिले में बेवजह आमजन को डरा धमका कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दे रखे हैं। इसी के तहत एएसपी डॉ.तेजपाल सिंह के



**धमकी देने व हवाई फायर कर इलाके में दहशत फैलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।**

निकट पर्यवेक्षण व डीएसपी खेतडी हजारीलाल खटाना के निर्देशन तथा थानाधिकारी विनोद सांखला के नेतृत्व में गठित टीम ने फायरिंग कर दशहत

- **एसपी ने आमजन में दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दे रखे थे**

फैलाने व मारने की धमकी देने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

थाने में 25 मई 2022 को ढाणी बगडिया (सुनारी) निवासी परिवादी अशोक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दोपहर में वह घर पर था तथा तभी फायरिंग की आवाज आई। उसने बाहर निकल कर देखा तो मोटरसाईकिल से राहुल उर्फ धोलू भाग रहा था तथा सडक पर पीतल का खोल पडा हुआ था। उसके बाद राहुल उर्फ धोलू ने धमकी दी कि यदि पुलिस के पास जाओगे तो ठीक नहीं रहेगा।

इस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं ने मामला दर्ज कर आरोपी बगडियों की ढाणी (सुनारी) निवासी राहुल उर्फ धोलू को गिरफ्तार किया।

आरोपी से पूछताछ जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी विनोद सांखला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविंद्रकुमार, हैड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल दिनेश कुमार व महावीर शामिल थे। इस कार्रवाई में कांस्टेबल दिनेश कुमार व महावीर की विशेष भूमिका रही।

# 50 घंटे बाद परिवार वाले राजू ठेहट का शव लेने को हुए तैयार

**सीकर,** (निसं)। राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट का शव करीब 50 घंटे बाद परिवार वाले लेने को तैयार हुए। इससे पहले सीकर के एसके हॉस्पिटल में करीब 3 घंटे पोस्टमॉर्टम चला। राजू ठेहट को 25 गोलियां लगी थीं। बदमाशों ने दोनों कंधे और सीने में गोली मारी थी। सोमवार दोपहर पौने 3 बजे परिवार वाले शव लेकर गांव रवाना हुए थे। गांव में शव पहुंचते ही भीड राजू ठेहट और जिंदाबाद के नारे लगाने लगी। शाम करीब साढ़े पांच बजे अंतिम संस्कार हुआ।

राजू ठेहट का शव एंबुलेंस से उसके पैतृक गांव ठेहट शाम करीब 4.30 बजे लाया गया। उसके अंतिम दर्शन करने रिश्तेदार, समाज और गांव के लोगों की भीड थी। घर से करीब 200 मीटर दूर खेत में ही अंतिम क्रिया की गई।

गैंगस्टर का शव देखते ही उसकी पत्नी विमला बेसुध हो गई। परिवार के लोगों ने उसे संभाला और शव के पास लेकर गए। ठेहट के दोनों बेटों चीकू और नमन ने अंतिम क्रिया की। ठेहट का भाई

- **गांव में लगे अमर रहे के नारे**
- **घर से करीब 200 मीटर दूर खेत में ही अंतिम क्रिया की गई**
- **गैंगस्टर राजू ठेहट को मारी थीं 25 गोलियां**

और भतीजे भी मौजूद हैं। इससे पहले एसके हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद गैंगस्टर राजू ठेहट का शव उसके भाई को सौंपा गया। गांव में भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रनवा भी मौजूद हैं।

गांव में राजू ठेहट के पडोसी ने बताया कि वह चुनाव लडने की तैयारी कर रहा था। उसका खेत में ही घर बना हुआ है। खेत के चारों ओर तारबंदी का काम भी करवा रहा था। चुनाव के दौरान उसका परिवार के साथ गांव में ही रहने का प्लान था।

मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो बदमाशों को हरियाणा के बॉर्डर के पास डाबला से पकडा, जबकि तीन की गिरफ्तारी झुंझुनूं के पौंख गांव से हुई। पकडे गए शूटर्स में से दो मनीष जाट और विक्रम गुर्जर सीकर के ही रहने वाले हैं। सतीश कुम्हार, जतिन मेघवाल हरियाणा के भिवानी के है। पुलिस ने इनके पास से हथियार सहित चोरी की क्रेटा गाडी भी बरामद की है। गिरफ्तार दो बदमाश विक्रम और मनीष को पुलिस जाब्ते के बीच सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान क्वीक रिस्पॉन्स टीम के जवान हाथों में हथियार लेकर तैनात रहे।

इससे पहले 2 दिन तक सीकर के एसके हॉस्पिटल में मुआवजा सहित कई मांगों को लेकर समाज ने धरना दिया था। रविवार देर रात समझौता होने के बाद दोनों शव लेने के लिए लोग तैयार हो गए। रात में सीकर के एसके हॉस्पिटल में एसडीएम गरिमा लाटा सहित पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे थे।

# न्यायिक कर्मचारियों का छठे दिन भी धरना जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले चल रहे प्रदर्शन छठे दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरने की अध्यक्षता न्यायिक कर्मचारी सुभाषचंद्र सोनी द्वारा की गई।

जिला शाखा झुंझुनूं जिलाध्यक्ष के अध्यक्ष सुभाषचंद्र मूंड ने बताया कि जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित साथी कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के आवास पर संदेहास्पद मृत्यु की जांच के संबंध में प्रदेश स्तर पर चल रहे आंदोलन में सम्मिलित होते हुए झुंझुनूं मुख्यालय सहित खेतडी, चिडावा, पिलानी, बुहाना, सूरजगढ, उदयपुरवाटी, नवलगढ के न्यायिक कर्मचारीगण सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठे तथा जब तक कर्मचारी संघ की मांगें नहीं मान ली जाती। तब तक जिला शाखा झुंझुनूं के कर्मचारीगण सहित संपूर्ण राजस्थान के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में धरनास्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आंदोलन को तेज करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए जाकर आंदोलन को आगे बढाया जाएगा। राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं एवं राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं द्वारा भी उक्त धरने को समर्थन दिया गया तथा अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा भी समर्थन किया गया तथा कर्मचारीगण की मांगे मानने के लिए सोमवार को भी समस्त अभिभाषकों द्वारा कार्यस्थगन रखा गया तथा न्यायालयों में अपनी उपस्थिति नहीं दी गई। धरने में धरनास्थल पर हजारीलाल चंदेल, ताराचंद सैनी, करणपाल सिंह, अशोक जोशी, प्रभुदयाल, ओमप्रकाश, सद्दाम हुसैन, अभिषेक रावत, रूपनारायण, विकास कुमार, राजेंद्र सिंह शेखावत, मोहरसिंह, रामसिंह झाझडिया, मोहम्मद रफीक, संजय मीणा, सुरेश पूनियां, अजय सिंह मीणा, आत्माराम सैनी, रोहित शर्मा, इमरान खान, गुलजार अली, झंडूराम, गजराज मीणा, विशाल सुरोलिया सहित महिला कर्मचारीगण में निर्मला आदि न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 114 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित




**रतनगढ,** (निसं)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा रा उ प्रा वि संख्या 2 रतनगढ में शाला की मांग पर बच्चों के बैठने हेतु 4 बडी साईज की दरियां प्रदान की व रा आदर्श उ मा वि परसनेऊ, रा उ मा वि आलसर, रा बालिका उ प्रा वि तथा मा वि भोजासर के 114 विधार्थीयों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर शालाओं ने समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए सेवा कार्यों की प्रशंसा की। समिति उपाध्यक्ष सीताराम जांगिड ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इस सीजन में समिति द्वारा लगभग 700 ग्रामीण विधार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा है व 14 स्कूलों में स्वेटर वितरण के कार्यक्रम किए जा चुके हैं। वरिष्ठ संरक्षक सीताराम दाधीच ने सभी को व्यक्तिश: या संस्था से जुड़कर समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा का आव्हान किया। इस अवसर पर समिति के सीताराम जांगिड, सीताराम दाधीच, अरुण कुमार शर्मा सीए, दिनेश भाटी व जेठाराम चिरंजीलाल मदनलाल पूनम चन्द सहित अनेक ठामीणजन व शाला स्टाफ उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेट का सम्मान किया



**बिसाऊ,** (निसं)। न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ 2 चूरू के सानिध्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय कैम्प का भरतपुर से लौटे सभी छह कैडेटस का संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंहाग ने माल्यार्पण कर एवं प्रमाण देकर स्वागत किया। विद्यालय के 2 कैरेट ने जयपुर जोन के साथ खेलते हुए वॉलीबॉल में मेडल प्राप्त किया। विद्यालय सीनियर प्रभारी भंवरी शर्मा एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने एनसीसी प्रभारी शीखा गुर्जर का उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया। डॉ सिंहाग ने सभी कैडेटस को धन्यवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र शर्मा ने किया।


**इण्डियन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज रतनगढ़ रोड चूरू**
**D.E.L.E.D. दो वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु**

**आवश्यकता**

विभागाध्यक्ष- 1, शिक्षा में प्ररिपेक्ष्य/शिक्षा के आधार-3, विज्ञान-2, मानविकी एवं समाज विज्ञान-2, गणित-2, भाषाएं-3, ललित कला/निष्पादित कलाएं-2, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा-1
योग्यता :- एनसीटीई रेगुलेसन 2014 से परिशिष्ट-2 के अनुसार
**इच्छुक व योग्यताधारी अभ्यर्थी 07.12.2022 को साक्षात्कार के लिए मूल दस्तावेजों के साथ व्यक्तिशः संस्था परिसर में पहुंचे।**
मो. 9950367365
Email:- Indiancollage10@gmial.com


# 'रक्त की एक बूंद से किसी का अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है'

**खेतडी,** (निसं)। खेतडी उपखंड के राजोता में सोमवार को पूर्व आईएएस डॉ. बीएल मेहरडा की तीसरी पुण्यतिथि पर डॉ. बीएल मेहरडा स्मृति पार्क में खेतडी विकास समिति की ओर से रक्तदान शिविर तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

- **देश भक्ति काव्य पाठ से कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध**



**पूर्व आईएएस स्वर्गीय बीएल मेहरड़ा की तीसरी पुण्यतिथि पर 151 यूनिट रक्तदान हुआ।**

विकास समिति की अध्यक्षा विनोदरानी मेहरडा, विशिष्ट अतिथि प्रधान मनीषा गुर्जर, सीआई विनोद सांखला थे। अध्यक्षता समिति के सचिव डॉ.अमित मेहरडा ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने पूर्व आईएएस बीएल मेहरड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास समिति के सचिव अमित मेहरडा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में शिक्षा जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में पूर्व आईएएस डॉ. बीएल मेहरडा ने खेतडी में शिक्षा का पौधा लगाया था। जो आज वट वृक्ष बन चुका है। एक दर्जन से भी अधिक शिक्षण संस्थान खेतडी व जयपुर में संचालित हो रहे हैं। विनोदरानी मेहरडा ने कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान माना गया है। रक्तदान करने से किसी असहाय व्यक्ति का अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक सरोकार में भाग लेकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पूर्व आईएएस बीएल मेहरडा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में राज्य के खेल सचिव व अन्य पदों पर रहते हुए क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खेतडी मे पहला कॉलेज स्थापित करवाया था, जिनमें शिक्षा ग्रहण कर क्षेत्र के युवा आज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहे है। जिन की स्मृति में प्रति वर्ष सामाजिक सरोकार की भूमिका निभाते हुए समाज व शिक्षा के क्षेत्र में खेतडी विकास समिति की ओर से अनेक महत्वपूर्ण कार्य करवाए जा रहे हैं। इस दौरान विराट कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। कवि सम्मेलन में देश भक्ति कवि राम भदावर, हास्य कवि दिनेश कुमार, राजस्थानी भाषा के हास्य कवि वेद दाधीच, काव्य मिश्रा, शेखावाटी के लोकप्रिय कवि हरीश हिंदुस्तानी ने दर्शकों को एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जयपुर के पुष्पा देवी मेमोरियल ब्लड बैंक से आई टीम ने 151 यूनिट रक्त का संग्रहण किया। कार्यक्रम में मंच संचालन मोहित सक्सेना ने किया। इस दौरान पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद व शिक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनोज घुमरिया, पूर्व विधायक पूरणमल सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, पार्षद हरमेंद्र चनानिया, बलवीर मीणा, राधेश्याम शर्मा, बीके कृष्णमूर्ति, ईशान मेहरड़ा, गोकुलचंद मेहरडा, केदार खींची, रमेश कुमार, बजरंगलाल, डॉ. संतोष सैनी, डॉ. सुरेंद्र बेरवा, मोहित सक्सेना, इंद्राजसिंह आदि लोग मौजूद थे।

## जाट बौद्धिक मंच की बैठक आयोजित

**रतनगढ,** (निसं)। स्थानीय ग्रामीण किसान छात्रावास परिसर स्थित सामुदायिक भवन में जाट बौद्धिक मंच की बैठक दुर्गाराम भारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बौद्धिक मंच के सचिव महेंद्र डूडी ने बताया कि एक जनवरी को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर रखी गई। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 और 12 में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। बौद्धिक मंच द्वारा राजकीय सेवा में जाने वाले समाज के प्रतिभावान युवाओं को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। जिसमें इस बार से सिविल के साथ ही रक्षा क्षेत्र जैसे पुलिस, भारतीय सेना में स्थाई नियुक्ति पाने वाली प्रतिभाओं को भी शामिल किए जाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। केपीएस ग्रुप के चेयरमैन ओमप्रकाश गोदारा द्वारा बैठक में मौजूद रहकर आर्थिक सौजन्य वहन करने का प्रस्ताव भी रखा गया जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में खींवाराम ख्यालिया, रामचंद्र ऐचरा, सुगना राम कटेवा, रामेश्वरलाल डूडी, विजयपाल ऐचरा, भंवरलाल पुनिया, भागीरथमल खीचड, विक्रमपाल थालोड, गोविंदराम, गोपीचंद, पप्पू कुमार सुंडा, बजरंगलाल बिस्सू, भंवरलाल बिजारणिया, गोविंदराम ढाका, श्रवण राम, प्रदीप कुमार नेहरा आदि बौद्धिक मंच के सदस्य उपस्थित थे।


**आम सूचना (पर्यावरण स्वीकृति)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी खान M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY, खनन पट्टा संख्या/ डेलीनेटेड प्लॉट संख्या 01, Mineral- Masonary Stone, Area -1.04813 Ha., Khasra No- 3824, निकट ग्राम- पचलंगी, तहसील- उदयपुरवाटी जिला- झुंझनु में स्थित है, इस खान की पर्यावरण स्वीकृति SEIAA Jaipur द्वारा क्रमांक F1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat- 1 (a) B2(18277)/2019-20 Dated 17-03-2021 (प्रपोजल नंबर (159233) को जारी की गयी है। जिसकी उत्पादन क्षमता 180930 TPA/ROM है। इस स्वीकृति आदेश की प्रति SEIAA Jaipur एवं राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल के ऑफिस में एवं मंडल की वेबसाइट http://environment.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। सौजन्य से
M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY

**आम सूचना (पर्यावरण स्वीकृति)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी खान M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY, खनन पट्टा संख्या/ डेलीनेटेड प्लॉट संख्या 02, Mineral- Masonary Stone, Area -1.0767 Ha., Khasra No- 3824, निकट ग्राम- पचलंगी, तहसील- उदयपुरवाटी जिला- झुंझनु में स्थित है, इस खान की पर्यावरण स्वीकृति SEIAA Jaipur द्वारा क्रमांक F1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat- 1 (a) B2(18279)/2019-20 Dated 17-03-2021 (प्रपोजल नंबर (159036) को जारी की गयी है। जिसकी उत्पादन क्षमता 210210 TPA/ROM है। इस स्वीकृति आदेश की प्रति SEIAA Jaipur एवं राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल के ऑफिस में एवं मंडल की वेबसाइट http://environment.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। सौजन्य से
M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY

**आम सूचना (पर्यावरण स्वीकृति)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी खान M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY, खनन पट्टा संख्या/ डेलीनेटेड प्लॉट संख्या 03, Mineral- Masonary Stone, Area -1.00 Ha., Khasra No- 3824, निकट ग्राम- पचलंगी, तहसील- उदयपुरवाटी जिला- झुंझनु में स्थित है, इस खान की पर्यावरण स्वीकृति SEIAA Jaipur द्वारा क्रमांक F1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat- 1 (a) B2(18278)/2019-20 Dated 17-03-2021 (प्रपोजल नंबर (158181) को जारी की गयी है। जिसकी उत्पादन क्षमता 192460 TPA/ROM है। इस स्वीकृति आदेश की प्रति SEIAA Jaipur एवं राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल के ऑफिस में एवं मंडल की वेबसाइट http://environment.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। सौजन्य से
M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY

**आम सूचना (पर्यावरण स्वीकृति)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी खान M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY, खनन पट्टा संख्या/ डेलीनेटेड प्लॉट संख्या 04, Mineral- Masonary Stone, Area -1.00 Ha., Khasra No- 3824, निकट ग्राम- पचलंगी, तहसील- उदयपुरवाटी जिला- झुंझनु में स्थित है, इस खान की पर्यावरण स्वीकृति SEEIAA Jaipur द्वारा क्रमांक F1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat- 1 (a) B2 (18327)/2019-20 Dated 17-03-2021 (प्रपोजल नंबर (160498) को जारी की गयी है। जिसकी उत्पादन क्षमता 207780 TPA/ROM है। इस स्वीकृति आदेश की प्रति SEIAA Jaipur एवं राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल के ऑफिस में एवं मंडल की वेबसाइट http://environment.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। सौजन्य से
M/S DIVYA CONSTRUCTION COMPANY


# 'ऋण आवेदनों का निस्तारण शीघ्र करें बैंक'

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी के द्वारा की गई।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं का तीव्र गति से निस्तारण करें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन शी के तहत इस अवसर पर कुछ निजी बैंकों के द्वारा की जाने वाली लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर की तथा निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एक कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले।

भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक अभिषेक दीक्षित ने सभी बैंकों को वित्तीय साक्षरता समावेशन,



**बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी के द्वारा की गई।**

सामाजिक सुरक्षा योजना तथा वित्तीय साक्षरता के प्रसार के लिए बैंकों को अभियान मोड में कार्य करने आग्रह किया एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और समाज के कमजोर वर्गों, जिसमें किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, स्ट्रीट वेंडर्स को सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ऋण देने पर ज़ोर दिया। वहीं जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड राजेश कुमार मीणा ने जिले में केसीसी बढाने पर जोर दिया। एलडीएम रतनलाल वर्मा ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, बीसी कार्यप्रणाली से अवगत करवाया एवं बैंकों को जमा और ऋण प्रवाह बढाने,

- **जिला स्तरीय परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित**

वित्तीय साक्षरता, एमएसएमई ऋण बढाने पर बल दिया। अंत में बैंक ऑफ बडौदा के क्षेत्रीय प्रमुख अनिल बडजात्या ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में उप निदेशक विप्लव न्यौला, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार, बीआरकेजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक सज्जनसिंह सिहाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद अशफाक खान, नवदीप सिंह आरसेटी, पवन कडवासरा, वित्तीय सलाहकार रामसिंह न्यौला, संजय सैनी, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।


**IDEAL PUBLIC SHIKSHAN SANSTHAN HISAR ROAD, RAJGARH-(CHURU) (BSTC)**
**ADVERTISEMENT**
INTERVIEW - 06.12.2022 TIME - 10.00 AM - 05.00 PM
PRINCIPAL - 01 LECTURER - 02 (MATHS),
LECTURER - 02 (SCIENCE)
LECTURER - 03 (LANGUAGES - ENGLISH, HINDI, SANSKRIT)
LECTURER - 02 (SOCIAL SCIENCE & HUMANITIES)
LECTURER - 03 (PERSPECTIVES IN EDUCATION)
LECTURER - 01 (FINE ARTS)
LECTURER - 01 ( MUSIC/DANCE/THEATRE )
LECTURER - 01 (HEALTH AND PHYSICAL EDUCATION)
LECTURER - 01 (LIBRARIAN)
QUALIFICATIONS - AS PER NCTE REGULATION-2014
MA/MSC/,M.ED/, NET, PHD
ADDRESS - IDEAL PUBLIC SHIKSHAN SANSTHAN HISAR ROAD, RAJGARH-(CHURU), MOBILE NO. - 9413667700
Gmail - idealsdlp@gmail.com

**CHANDGIRAM TT INSTITUTION BAIRASAR CHHOTA RAJGARH, CHURU**
**ADVERTISEMENT**
INTERVIEW - 07.12.2022 TIME - 10.00 AM - 05.00 PM
PRINCIPAL - 01, LECTURER - 02 ( MATHS )
LECTURER - 02 ( SCIENCE )
LECTURER - 03 (LANGUAGES - ENGLISH, HINDI, SANSKRIT)
LECTURER - 02 (SOCIAL SCIENCE & HUMANITIES)
LECTURER - 03 (PERSPECTIVES IN EDUCATION)
LECTURER - 01 (FINE ARTS)
LECTURER - 01 (MUSIC/DANCE/THEATRE)
LECTURER - 01 ( HEALTH AND PHYSICAL EDUCATION
LECTURER - 01 (LIBRARIAN)
QUALIFICATIONS - AS PER NCTE REGULATION-2014
MA/MSC/,M.ED/, NET, PHD
ADDRESS - CHANDGIRAM TT INSTITUUTION, BAIRASAR CHHOTA RAJGARH, CHURU, MOBILE NO. - 8875818051
Gmail - chandgiramcollege@gmail.com

**कार्यालय यूसीईईओ एवं प्रधानाचार्य शहीद कर्नल जेपी जानू राउमावि, झुंझुनूं**
क्रमांकः- 373-74 दिनांकः- 02.12.2022
**निलामी सूचना**
जी.एस.टी. रजिस्टर्ड फर्मों को सूचित किया जाता है कि शहीद इन्द्रसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सैनीकपुरा, झुंझुनूं में नकारा/अनुपायोगी सामान एवं रददी की निलामी श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा, झुंझुनू द्वारा गठित समिति के सम्मुख दिनांक 19.12.2022 को होगी । अतः बोली दाता सुबह 11 से 12:30 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा करवाकर भाग ले सकेंगे। बोली छूटने पर फर्म द्वारा मूल राशि के साथ नियमानुसार जी.एस.टी. की राशि का चालान प्रस्तुत करना होगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास निलामी निरस्त करने एवं तिथि परिवर्तन करने के अधिकार सुरक्षित रहेगें। प्रस्तावित सामग्री का अंकित मूल्य 186807 रू मात्र है।
यूसीईईओ एवं प्रधानाचार्य
श.क.जेपी जानू राउमावि, झुंझुनूं

**VINAYAK INSTITUTE OF EDUCATION, SADULPUR-(CHURU)**
**ADVERTISEMENT**
INTERVIEW - 07.12.2022 TIME - 10.00 AM - 05.00 PM
PRINCIPAL - 01, LECTURER - 02 (MATHS)
LECTURER - 02 (SCIENCE), LECTURER - 03 (LANGUAGES)
LECTURER - 02 (SOCIAL SCIENCE & HUMANITIES)
LECTURER - 03 (PERSPECTIVES IN EDUCATION)
LECTURER - 01 (FINE ARTS)
LECTURER - 01 ( MUSIC/DANCE/THEATRE )
LECTURER - 01 (HEALTH AND PHYSICAL EDUCATION)
QUALIFICATIONS - AS PER NCTE REGULATION-2014
MA/MSC/,M.ED/, NET, PHD
ADDRESS -VINAYAK INSTITUTE OF EDUCATION, SADULPUR
RUN BY
C.R. MEMORIAL SHIKSHAN SANSTHAN WARD NO-02 POST OFFICE SADULPUR, RAJGARH DISST - CHURU PIN - 331023 MOBILE - 9414423184
INTERESTED CANDITATES SEND OUR RESUME ON- GMAIL - crmedutrust@gmail.com, vinayakinstitute.sdlp@gmail.com